# जान पर जो खेल गए राम के लिए | By Jai Shankar Chaudhary |

**जान पर जो खेल गए राम के लिए**
**तालियाँ बजाओ हनुमान के लिए**

सात समंदर लांघ गए
और गढ़ लंका में कूद गए
माँ सीता का पता लगाने
खाना पीना भूल गए

**रूप भयंकर धरा बेईमान के लिए**
**तालियाँ बजाओ हनुमान के लिए**

संजीवनी बूटी लानी थी
पहाड़ उठाकर ले आए
सच पूछो तो लक्ष्मण जी के
प्राण बचाकर ले आए

**हद कर डाली भक्त ने भगवान के लिए**
**तालियाँ बजाओ हनुमान के लिए**

जब भी याद करें वो देखो
श्रीराम को याद करें
बात अगर वो करें किसी की
श्रीराम की बात करें

**दिल में न जगह अभिमान के लिए**
**तालियाँ बजाओ हनुमान के लिए**

राम नाम की चादर ओढ़े
राम नाम की माला है
बनवारी पल भर भी उनको
नहीं भूलने वाला है

**सारा जीवन रखा गुणगान के लिए**
**तालियाँ बजाओ हनुमान के लिए**

**जान पर जो खेल गए राम के लिए**
**तालियाँ बजाओ हनुमान के लिए**

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%aa%e0%a4%b0-%e0%a4%9c%e0%a5%8b-%e0%a4%96%e0%a5%87%e0%a4%b2-%e0%a4%97%e0%a4%8f-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a4%bf%e0%a4%8f-by-jai-sha/